कार्यालय जनपद न्यायाधीश, शाहजहाँपुर।
(प्रशासनिक अनुभाग)

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या–14/एडमिन डी सेक्शन, दिनांकितः 15.10.2022 के द्वारा पूर्व मे निर्गत परिपत्र संख्या–41/एडमिन.'डी' सेक्शन, दिनांकितः 14.04.1980 के अनुक्रम में न्यायिक प्रतिष्ठान, शाहजहाँपुर से सेवा निवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण, जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, अधोलिखित तालिकानुसार रिक्त पदों पर पुर्ननियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतयाः अस्थायी होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिए (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये) तक की जायेगी।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अंतिम आहरित वेतन, जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जायेंगे।

आवेदक अपना आवेदन आयु प्रमाण–पत्र व स्वस्थता प्रमाण–पत्र के साथ दिनांकः 15.11.2022 की सायं 04.00 बजे तक, प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्रम संख्या	पदनाम	वैकेन्सी
01	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,	01
02	वरिष्ठ सहायक	85
03	कनिष्ठ सहायक	05
04	वैतनिक प्रशिक्षु	03
05	स्टेनोग्राफर	21
06	स्टेनोग्राफर त्वरित न्यायालय	02
07	मुँसरिम त्वरित न्यायालय	02
08	रीडर त्वरित न्यायालय	03
09	प्रकीर्ण व वाद लिपिक	04
10	प्रासेस सर्वर	07
11	सफाई कर्मचारी	02
	कुल	135

विज्ञप्ति समस्त अवकाश प्राप्त कर्मचारीगण के मध्य परिचालित करायी जाये। सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, शाहजहाँपुर व माननीय उच्च न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड कराये।

जिला सूचना अधिकारी, शाहजहाँपुर को समाचार–पत्र में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

अध्यक्ष, 02-11-2022
पुर्ननियुक्ति समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष सं0–1, शाहजहाँपुर।